न्यायालयः माननीय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश

जिला ग्वालियर

प्र. क्र. निगरानी / अध्यक्ष / /2014 निगरानी R-2718-PBR/14

मालवेन्द्रसिंह पुत्र श्री अमरसिंह कृष्क गाम मगरौरा तहसील डबरा व जिला ग्वा0....प्रार्थी

बनाम

मोहन कुमार रोहेरा पुत्र श्री किशनलाल रोहेरा निवासी ठाकुरबाबा रोड डबरा जिला ग्वालियर .....प्रतिप्रार्थी

25-8-14

25-8-14

<u>म0प्र0भूराजस्व संहिता की धारा 50 के अंतर्गत माननीय अधीक्षक महोदय शाखा ग्वालियर के प्रकरण कमांक 42x14/19/2011 में पारित आदेश दिनांकी 25/7/14 के निर्णय के विरूद्ध निगरानी</u>

न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश–ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक निगरानी 2718–पीबीआर/14 [मालवेन्द्र/मोहनकुमार] जिला ग्वालियर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
4–9–2014	आवेदक के विद्वान अभिभाषक द्वारा ग्राह्यता पर प्रस्तुत तर्कों पर विचार किया गया । सहायक अधीक्षक, भू–अभिलेख के आदेशिका दिनांक 25–7–14 की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन किया गया । उक्त आदेशिका को देखने से स्पष्ट है कि अधीक्षक, भू–अभिलेख द्वारा दिनांक 25–7–14 को कोई आदेश पारित नहीं किया गया है, बल्कि सहायक अधीक्षक, भू–अभिलेख द्वारा सीमांकन उपरांत प्रतिवेदन अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु अधीक्षक, भू–अभिलेख को प्रस्तुत किया गया है । इससे ऐसा परिलक्षित होता है कि अधीक्षक, भू–अभिलेख द्वारा प्रकरण में अंतिम रूप से सीमांकन आदेश पारित किया जाना है, जहां आवेदक को सुनवाई एवं पक्ष समर्थन का अवसर उपलब्ध है, और वे इस न्यायालय में उठाए गए आधारों को उनके समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं । अतः यह निगरानी प्रथम दृष्टया प्रीमेच्योर होने से अग्राह्य की जाती है । (स्वदीप सिंह) अध्यक्ष	